खाद्य सुरक्षा विभाग ने निकाली स्वस्थ भारत यात्रा

Thu, 17 Jan 2019

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा स्वस्थ भारत यात्रा गुलावठी पहुंची, जहां व्यापारियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।

संस, गुलावठी : खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा स्वस्थ भारत यात्रा गुलावठी पहुंची, जहां व्यापारियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। नगर स्थित मैरिज होम में किराना व्यापार एसोसिएशन एवं मिष्ठान विक्रेता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यात्रा में शामिल खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों से कहा कि उन पर दोहरी जिम्मेदारी है जो व्यापारी होने के साथ-साथ उपभोक्ता भी है। कहा कि यात्रा का उद्देश्य नमक, चीनी, तेल का खाने में प्रयोग कम से कम करने पर जोर दिया। बताया कि कोई भी घर ऐसा नहीं है जहां शुगर, ब्लड प्रेशर आदि बीमारियां न हो इसलिए स्वस्थ रहने के लिए नमक, चीनी, तेल का कम से कम इस्तेमाल करें। एफएसएसएआइ के असिस्टेंट डायरेक्टर बालमगिरी गोस्वामी, डा.गौरीशंकर, गिरीश चंद वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आशा चौरसिया के अलावा प्रेमभूषण, हेमन्त कंसल, विपिन गोयल, पवन सैनी, वेदप्रकाश ¨जदल, कुलदीप मोदी आदि व्यापारी मौजूद रहे। इससे पूर्व जीटी रोड पर साइकिल व बाइक रैली निकाल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। रैली में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, एफएसएसएआइ टीम, एनसीसी कैडेट व व्यापारी शामिल रहे।